# हरिशंकर आश्वासन, अरूण प्रश्न संदर्भ समिति के सभापति

- विधानसभा अध्यक्ष ने सदन समितियों का किया गठन
- शैलेन्द्र जैन सदस्य सुविधा समिति के सभापति

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 अप्रैल. विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए सदन समितियों का गठन किया है.**

गठन के क्रम में कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा सदस्य सुविधा समिति का गठन करते हुए सभापति नियुक्त करते हुए समिति सदस्यों को नामांकित किया गया है. विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर कार्यमंत्रणा समिति के सभापति होंगे.

## विभिन्न समितियों के लिए सदस्य मनोनीत

डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष, जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री, कैलाश विजयवर्गीय संसदीय कार्य मंत्री, विधायक सर्वश्री गोपाल भार्गव, हेमंत खण्डेलवाल, डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, सुश्री मीना सिंह मांडवे, हरिशकर खटीक, सोहनलाल बाल्मीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया एवं हेमंत सत्यदेव कटारे को सदस्य नामांकित किया गया है. इसी तरह विधायक हरिशंकर खटीक को शासकीय आश्वासनों सबंधी समिति का सभापति नियुक्त किया गया है, वहीं विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, गौरव पारधी,विष्णु खत्री,राजेश सोनकर, रामनिवास शाह, डॉ.अभिलाष पाण्डेय, राकेश शुक्ला गोलू, सुनील उइके, डॉ. विक्रांत भूरिया एवं राजन मण्डलोई को समिति का सदस्य नामांकित किया गया है. विधायक अरुण भीमावद को प्रश्न एवं संदर्भ समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक हरिसिंह सप्रे, राजेश वर्मा, प्रणय प्रभात पाण्डेय, नारायण पटेल, अनिल जैन निवाडी ,इंजी. गोपाल सिंह ,श्याम बरडे, बाला बच्चन, झूमा ध्यानसिंह सोलंकी एवं सुरेश राजे को समिति का सदस्य नामांकित किया गया है. वहीं विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन को सदस्य सुविधा समिति का सभापति नियुक्त किया गया है. इस समिति में विधायक मोहन शर्मा, प्रहलाद लोधी, मनोज पटेल, घनश्याम चन्द्रवंशी,राजकुमार करहे,राजेन्द्र भारती, रजनीश सिंह एवं डॉ. रामकिशोर दोगने समिति का सदस्य नामांकित किया गया है.

## पवैया को मंत्री का दर्जा



**भोपाल.** राज्य शासन ने अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य छठा वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया को मंत्री स्तर का दर्जा प्रदान किया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक प्रोटोकाल की दृष्टि से पवैया को प्रदेश के मंत्री के समतुल्य वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाएं निर्धारित रहेंगी.

## चार आईएफएस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल.** राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के चार अधिकारियों के तबादले किए हैं. नए आदेश में श्रीमती कमोनिका मोहन्ता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रशासन मुख्यालय भोपाल को प्रबंध संचालक मप्र राज्य वनोपज संघ भोपाल पदस्थ किया गया है. सामान्य तौर पर मप्र लघु वनोपज संघ में अप्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के अधिकारी को प्रबंध संचालक पदस्थ किया जाता रहा है, लेकिन पहली बार एपीसीसीएफ स्तर की अधिकारी को यहां पदस्थ किया गया है. आदेश के मुताबिक विभाष कुमार ठाकुर पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार मुख्यालय भोपाल को सीईओ अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान पदस्थ किया गया है. उनकी ये नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर होगी, वहीं डॉ. समीता राजौरा पीसीसीएफ, प्रबंध संचालक मप्र राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल को वापस मुख्यालय बुला लिया गया है, उन्हें अब पीसीसीएफ वन्य प्राणी मुख्यालय भोपाल की जिम्मेदारी दी गई है. इसी तरह श्रीमती अर्चना शुक्ला पीसीसीएफ वन विकास निगम भोपाल को अब पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार मुख्यालय भोपाल के पद पर पदस्थ किया गया है.

## लाड़ली बहना योजना से नाम हटाने पर रोजगार सहायक बर्खास्त

**शिवपुरी.** जिले के पिछोर क्षेत्र में लाड़ली बहना योजना से एक महिला का नाम हटाने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया है. जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत भयावन की निवासी नेहा चौधरी ने शिकायत की थी कि रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव पवन करण द्वारा जानबूझकर उनका नाम योजना से हटा दिया गया है. शिकायत के बाद मामले की तत्काल जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि रोजगार सहायक द्वारा गलत तरीके से महिला का नाम हटाया गया था. जांच प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी विजय राज को प्रस्तुत किया गया.

# प्रदेश में बारिश के बाद गर्मी से थोड़ी राहत

## राजधानी सहित कई हिस्सों में आंधी, बारिश

**भोपाल, 01 अप्रैल. प्रदेश में राजधानी भोपाल सहित कई हिस्सों में बुधवार दोपहर के बाद मौसम से अचानक बदल गया. तेज आंधी और बारिश के साथ गरज-चमक का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग ने भोपाल में ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया है.**



सीहोर जिले में भी आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई. इसी दौरान 33 केवी दशहरा बाग के तार टूट गए, जिससे आधे शहर में बिजली बाधित रही. मुरली रोड पर विशाल पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ. मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, ओलावृष्टि और बारिश का अलर्ट जारी किया है. इंदौर, देवास और उज्जैन में भी ओले गिरने और तेज हवा का अनुमान है. खंडवा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, मंदसौर, खरगोन, बड़वानी, शहडोल, शाजापुर और बालाघाट में आकाशीय बिजली के साथ हल्की आंधी पड़ सकती है.

सागर में दिनभर आसमान में बादलों के बीच धूप खिली रही, लेकिन शाम को मौसम अचानक बदल गया. चितौरा, सुरखी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई. भोपाल में बारिश के दौरान एक जगह हवन चल रहा था, जिसमें यजमानों ने पानी से बचने के लिए चादर ओढ़ाई. गर्मी का असर भी जारी है. आंधी और बारिश के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में तापमान अभी भी उच्च दर्जा दिखा रहा है. नर्मदापुरम में 40.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

# जिला न्यायालय के बाहर वकील पर जानलेवा हमला

**जबलपुर, 1 अप्रैल. जिला न्यायालय के गेट नंबर 4 के बाहर एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी का भरण-पोषण का केस लड़ रहे अधिवक्ता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया.**



आरोपी ने वकील को बीच रास्ते में रोककर न केवल अभद्रता की, बल्कि जान से मारने की नीयत से उनके गले और कान के पास वार किए. ओमती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, रांझी बड़ा पत्थर निवासी अधिवक्ता रामलाल रजक (50) अपनी क्लाइंट कंचन महोबिया का भरण-पोषण का केस जिला न्यायालय में देख रहे हैं. कंचन के पति राकेश महोबिया ने न्यायालय परिसर के फाइलिंग सेक्शन पोर्च के पास वकील रामलाल से केस को लेकर विवाद किया था. अधिवक्ता रामलाल अपने साथी नवीन विश्वकर्मा के साथ कार से कोर्ट का काम निपटाकर गेट नंबर 4 से बाहर निकल रहे थे. तभी पहले से घात लगाए बैठे राकेश महोबिया ने उनकी कार रोक ली. जैसे ही अधिवक्ता कार से बाहर निकले, आरोपी ने उन्हें गर्दन से पकड़ लिया और घसीटते हुए कार के

# चोरी के 109 दोपहिया वाहन बरामद

## वाहन चोरी पर पुलिस का शिकंजा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 01 अप्रैल. मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में वाहन चोरी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए पिछले एक माह में समन्वित कार्रवाइयों के जरिए 109 चोरी किए गए दोपहिया वाहन बरामद किए हैं.**

यह कार्रवाई संगठित वाहन चोरी गिरोहों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है. जबलपुर में माढोताल पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर एवं कटिंग गिरोह का पर्दाफाश कर जबलपुर और रायपुर से चोरी किए गए 15 वाहन जब्त किए. लाडगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 वाहन बरामद किए, जबकि पाटन पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर 7 दोपहिया वाहन जब्त किए. इस तरह जिले में कुल 34 वाहन बरामद हुए. राजगढ़ में ब्यावरा सिटी पुलिस ने अंतरजिला गिरोह का खुलासा कर दो आरोपियों से 15 मोटरसाइकिलें बरामद कीं. सुठालिया पुलिस ने 10 बाइक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिससे कुल संख्या 25 हो गई.



रतलाम पुलिस ने एक मुख्य आरोपी और तीन बाल अपचारियों को पकड़कर 9 मोटरसाइकिलें बरामद कीं, वहीं स्टेशन रोड पुलिस ने 4 और वाहन जब्त किए, जिससे कुल 13 वाहन बरामद हुए. इसके अलावा बैतूल, खरगोन, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, मंदसौर, शाजापुर और कटनी में भी कार्रवाई कर कई वाहन बरामद किए गए. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्वरित कार्रवाई, तकनीकी साक्ष्यों और बेहतर समन्वय से सफलता मिली है तथा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

# किशोरी आरोपियों के चंगुल से मुक्त, 45 दिनों तक ज्यादती

## परिजनों को किया सुपुर्द, बुआ के घर जा रही थी किशोरी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अप्रैल। थाना जियावन अंतर्गत नाबालिक बालिका उम्र 13 वर्ष जो कि अपने बुआ के घर जा रही थी, जिसे पड़ोस के गांव का रहने बाला मालाधारी बंसल ने जबरजस्ती अपने मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर ले गया व बालिका को 45 दिन तक अपने घर में बंधक बनाकर रख उसके साथ ज्यादती की। साथ ही उसके भाई नकछड़िया ने भी ज्यादती किया और शादी का झांसा देता रहा।**



इस दौरान मालाधारी की बुआ जिसका नाम लगड़िया है, उक्त बालिका की पहरेदारी करती रही और 45 दिन बाद उसको मालाधारी ने अपने लगड़िया बुआ के साथ मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ़ भेजवा दिया। वहाँ उसके बुआ का लड़का अमित व अन्य दो लोग जिसका नाम बालिका नही बता पा रही ने भी ज्यादती किया। इन सभी आरोपियों ने उक्त बालिका को किसी के पास पैसे के बदले बेचने भी ले गए, लेकिन जिसके पास ले गए थे वो व्यक्ति पैसा देने से इनकार किया और उसने भी बालिका के साथ ज्यादती किया। किसी तरह बालिका इस आरोपियों के चंगुल से भागकर मनेंद्रगढ़ थाना गयी व वहाँ अपनी आपबीती घटना को बताया, जहाँ से पुलिस बाल कल्याण समिति मनेन्द्रगढ़ में प्रस्तुत किया।

मनेन्द्रगढ़ बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त बच्ची को बाल कल्याण समिति सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत किया। जहाँ बाल कल्याण समिति जिला सिंगरौली द्वारा उक्त नाबालिग की बिधिवत काउंसलिंग व उसके कथन उपरांत तत्काल उक्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्रांकित किया व बालिका को देखरेख संरक्षण पालन पोषण के लिए वन स्टॉप सेंटर में संरक्षित करवाया गया। चौकी प्रभारी कुंदवार रामजी तिवारी व टीम द्वारा उक्त आरोपियों के विरुद्ध पाक्सो एक्ट मुकदमा दर्ज किया गया और बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त बालिका के परिजनों का विधिवत काउंसिलिंग कर कथन बयान व प्रस्तुत घोषणा पत्र के बाद उक्त नाबालिक बालिका को मातापिता को सौंपकर परिवार वापसी की गई।

# हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी पूर्ण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल. चैत्र शुक्ल पूर्णिर्मा के अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है.**

शहर में कई मंदिरों में आयोजन होते रहते हैं लेकिन इस वर्ष हनुमत सेवा समिति ने यह निर्णय लिया की शहर में एक वृहद आयोजन किया जाए ताकि सनातन धर्म से लोग अधिक से अधिक जुड़े इसी कड़ी में रीवा शहर के परेड ग्राउंड मैं हनुमान जी की आरती के पश्चात भगवा ध्वज दिखाकर रवाना की जाएगी जो की इस रैली में कई झांकियों के साथ विशाल चार पहिया और दो पहिया वाहन रैली जो की पुलिस लाइन, पीटीएस चौराहा चौराहा धोबिया टंकी, हास्पिटल चौक, सिरमौर चौक, कॉलेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा होते हुए पचमठा धाम में समाप्त होगी रीवा शहर में पिछले 2 वर्षों से बीहर गंगा आरती का आयोजन पचमठा धाम में किया जा रहा है पचमट्ठा धाम में बीहर गंगा आरती के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ ,हनुमान जी की आरती और प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया जाएगा हनुमत सेवा समिति रीवा अयोजक मण्डल प्रकाश गुप्ता केसरिया गुलाब साहनी परमजीत सिंह डंग, संजीव गुप्ता,बंसी लाल साहू, सुरेश गुप्ता ने शहर के सभी धर्म प्रेमियों और हनुमान भक्तों से अपील की अपने चार पहिया और दो पहिया वाहन रैली के साथ इस विशाल वाहन रैली में शामिल हो और पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हनुमान जी की कृपा के पात्र बने.

## स्कॉर्पियों के टक्कर से बाईक सवार दो युवक गंभीर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अप्रैल।** बरगवां थाना क्षेत्र के तेलदह के पास आज बुधवार की रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियों एवं मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल उपचार के लिए बैढ़न स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।



## विंध्या मिश्रा नें तहसीलदार का ग्रहण किया पदभार

**सिरमौर, 1 अप्रैल.** नवागत तहसीलदार ने सिरमौर का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रांतीय मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ बीरेंद्र प्रसाद मिश्र से रूबरू होते हुए श्रीमती विंध्या मिश्रा ने अपनी प्राथमिकताओं के संबंध में बताया कि शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए लायन आर्डर को मेंटेन करना, शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराकर शत प्रतिशत जरूरतमंदों को लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता हैं एवं शासन की नीतियों का पालन करवाना जनसुनवाई का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराकर व समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करना है। राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण करना मेरी प्राथमिकता में है।


### आम सूचना

यह कि मेरे पक्षकार बलराम शुक्ला द्वारा फर्म आर्ययन जनता मोबाइल शाप रीवा रोड सतना के प्रोपाइटर अल्ताफ उर्फ आर्यन तनय श्री अशताफ खान निवासी ग्राम अमिरिती पोस्ट बड़ी पाटी गुढ़, तहसील, थाना गुढ़ जिला रीवा म.प्र. को उनकी निज आवश्यकता हेतु राशि 4,80,000/रु. दिनांक 15 नवम्बर 2025 को साक्षी प्रभाकर शुक्ला एवं निर्मल मिश्रा की उपस्थिति में दिया गया था. नोटिसी अल्ताफ खान द्वारा मेरे पक्षकार से ली गई राशि के भुगतान हेतु दिनांक 05.01.2026 को साक्षी की उपस्थिति में अपने बैंक खाता क्र. 50200055030918 का चेक क्र. 000398 राशि 4,80,000/- रु. का दिया गया जो दिनांक 17.01.2026 एवं 21.02.2026 को चेक डिस्आनर हो चुका है जिसकी सूचना आप नोटिसी को फोन के माध्यम से एवं अधिवक्ता के माध्यम से रजिस्टर्ड नोटिस भेजकर दिनांक 12.03.2026 को दी गई किन्तु आप नोटिसी द्वारा अपने गांव के पोस्टमैन को प्रभावित कर गलत टीप लेख कराकर नोटिस को पढ़कर खुली नोटिस वापस करा दी गई है और उक्त वापस नोटिस दिनांक 26.03.2026 को प्राप्त हुई है. आप नोटिसी द्वारा दिये गये चेक के डिस्आनर की सार्वजनिक सूचना दैनिक समाचार पत्र में धारा 138 निगो. एक्ट के तहत प्रकाशित कराई जा रही है. नोटिस प्राप्ति के पश्चात 15 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार को चेक राशि का भुगतान कर चुकता रसीद प्राप्त कर लेंवे. अन्यथा आप नोटिसी के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जायेगा. जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आप नोटिसी की होगी .अत: आप सूचित होवें.

सी.डी. पाण्डेय
अधिवक्ता सतना (म.प्र.)



उपार्जन सवाल | गेहूं खरीदी में कुप्रबंधन पर पटवारी का हमला


# केंद्र-राज्य समन्वय पर पटवारी ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 01 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रबी विपणन सीजन के दौरान प्रदेश में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखते हुए किसानों की परेशानी को प्रमुखता से उठाया है।**



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर कुप्रबंधन और आपसी टकराव के कारण लाखों किसान कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि सरकार ने खरीदी के बड़े-बड़े लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। मंडियों में बारदाने (गन्नी बैग) की भारी कमी है, जिससे किसानों को अपनी उपज के साथ खुले में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने केंद्रीय कृषि नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से जुड़ाव होने के बावजूद ऐसी स्थिति चिंताजनक है। पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की कमी के चलते संकट और गहरा गया है। सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 2,700 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी का वादा पूरा नहीं किया गया।

### खरीद प्रक्रियाओं में टेंडर सिंडिकेट का आरोप

**भोपाल:** जीतू पटवारी ने बुधवार को सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में 'टेंडर सिंडिकेट' की मौजूदगी और व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लगातार दबाव के चलते मोहन यादव सरकार को कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा. उनके अनुसार, लगभग 100 करोड़ रुपये के टेंडर निरस्त किए गए हैं और सिंडिकेट से जुड़े अधिकारियों पर 149 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच शुरू की गई है. पटवारी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में करीब 3,500 कंप्यूटर और अन्य उपकरण बाजार मूल्य से लगभग 250 प्रतिशत अधिक कीमत पर खरीदे गए. लोकायुक्त में शिकायत दर्ज होने के बावजूद, उन्होंने कहा कि मामले को निष्पक्ष जांच के बिना ही बंद कर दिया गया, जिससे कथित 'सरगनाओं' को बचाया गया. उन्होंने वर्ष 2024-25 में जिला स्तर पर इंटरैक्टिव पैनलों की खरीद को भी सवालों के घेरे में रखा. उनके अनुसार, लगभग 60,000 रुपये कीमत वाले पैनल 1.2 लाख रुपये में खरीदे गए.

## जियावन में चोरी की कोशिश नाकाम

**सिंगरौली 1 अप्रैल।** देवसर-जियावन क्षेत्र में देर रात चोरी की एक कोशिश को ग्रामीणों की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार पम्मू गुप्ता पिता स्व. शिवनारायण गुप्ता के घर में बीती रात करीब 2:30 बजे एक व्यक्ति चोरी के उद्देश्य से घुसने की कोशिश कर रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी गोलू जायसवाल पिता राम गोपाल जो उसी गांव का निवासी है, जहां घर का शटर खोलते समय ही रंगे हाथ पकड़ लिया गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ लिया। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।


OFFICE OF SE (O&M) CIRCLE
M.P.P.K.V.V.C.L., SIDHI
REGD. OFFICE - BLOCK No. 8TH,
3RD FLOOR, SHAKTI BHAWAN,
RAMPUR, JABALPUR - 482 008 (M.P.)
CIN: U40109MP2002SGC015120
(E-mail:- seonmsidhi@yahoo.co.in)

विद्युद् ब्रह्मेति | फोन करें 1912

No.SE/SDI/PUR/4812 Dtd: 09.03.2026

NOTICE INVITING TENDER

Tender are invited as following :

| Sr. No | Tender Specification No | Name of the Work/ services | Approx. Value (Rs. In Lakh) | Tender Fees (In Rs.) | Due date of opening of tender online from 14:00 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/SDI/PUR/ 4812 (e-Tender No.2026_PK VVC _488129_1) | Empanelment of contractors to award a Contract for survey, installation, testing and commissioning of 33kV line, 33/11kV diffrent capacity Addl. PTRs.33 & 11 KV Addl. Bay. under | 59.25 | 2000 + GST 18% | 25.03.2026 |

* For other details please visit website http://www.mptender.gov.in.

Superintending Engineer (O&M)
MPPKVVCL, Sidhi


## आज मंगल का मीन राशि में प्रवेश

- स्वास्थ्य क्षेत्र में उथल-पुथल- मेडिकल और फार्मा सेक्टर में बड़े बदलाव या विवाद सामने आ सकते हैं.
- मौसम का मिजाज बिगड़ेगा- अचानक बारिश, बाढ़ या गर्मी के बाद तूफान जैसी स्थितियां बन सकती हैं.
- राजनीतिक टकराव- पुराने सिस्टम और नई ताकतों के बीच टकराव तेज होगा.
- तेल और केमिकल बाजार में उतार-चढ़ाव- कीमतों में अचानक बदलाव संभव है.

यह गोचर जीवन में संघर्ष और अवसर दोनों लाएगा. जो धैर्य और समझदारी से काम लेगा, वही इस 'आग और पानी' के संगम से शक्ति हासिल करेगा.

पेज एक का शेष

## स्कूलों में नामांकन 19.6% बढ़ा

जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं. मप्र के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं. पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने साईकिलों की घंटियां बजाकर किया अभिवादन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत और अभिवादन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया. इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नि:शुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों का ग्रुप फोटो भी लिया गया. तीन-चार माह में 4 लाख बच्चों को मिलेंगी साइकिलें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है. प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है. स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे.

## चाकघाट के श्री हनुमान मंदिर में होगा भव्य हनुमान जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 1 अप्रैल. स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर में आज श्री हनुमान जी महाराज का भव्य जन्मोत्सव हनुमान जी जन सेवा समिति के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य भागवत रत्न श्रद्धेय नवलेश जी महाराज के पावन सानिध्य में होगा ।**




इस पूरे दिन के कार्यक्रम में प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक श्री हनुमान जी महाराज का भव्य अभिषेक एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं सायं 4 बजे से संगीतमय में हनुमंत कथा, भजन, दीपोत्सव 56 भोग, सामूहिक आरती तथा प्रसाद वितरण एवं भंडारा रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा, उक्त धार्मिक अनुष्ठान में आप सभी सनातनी बंधुओं, माताओं, बहनों एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित कर अपना एवं अपने परिवार जनों में सुख, शांति एवं समृद्धि हेतु अपनी अर्जी श्री हनुमंत लाल जी के सम्मुख लगाकर इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाएं ।


### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-01, सतना

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO,1, SATNA (M.P.)
ट्रांसपोर्ट नगर के पास रीवा रोड, सतना
Near Transport Nagar, Rewa Road Satna 485001
CBSE Affiliation No: 1000050 School Code:54118, UDISE No: 23130720721
E-mail: satna 1@kvsrojabalpur.in website: https://no1 satna.kvs.ac.in Tel: 07672-292010

### प्रवेश सूचना 2026-27

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 सतना में शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमों के अनुसार कक्षा 02, कक्षा 04, एवं कक्षा 12 में उपलब्ध रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक विद्यालय में दिनांक 02.04.2026 से 08.04.2026 (विद्यालय के कार्यदिवसों में प्रात: 09.30 बजे से 12.30 बजे तक) संपर्क करें अथवा विद्यालय की वेबसाइट https:-no1satna.kvs.ac.in/देखें.

प्राचार्य